# दुकान से चोरी का खुलासा, 70 हजार रुपये व बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार



» सद्भावना का प्रतीक

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना इकौना पुलिस, एसओजी एवं सर्विलांस टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दुकान से नकदी चोरी की घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के ?70,000 तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह एवं क्षेत्राधिकारी इकौना आलोक कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी के नेतृत्व में गठित टीम ने मु.अ.सं. 143/2026, धारा 305(ए) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त खालिद (खालिक) मोहम्मद पुत्र औलाद पेंटर, निवासी लक्ष्मण नगर, थाना सोनवा, जनपद श्रावस्ती को गोविंदपुर मोड़, थाना इकौना क्षेत्र से गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार, वादी दिलीप जायसवाल की भामेपारा-इटवरिया स्थित दुकान पर 25 जुलाई 2026 को एक व्यक्ति चावल खरीदने के बहाने पहुंचा। बातचीत में उलझाकर उसने मौका पाकर दुकान के काउंटर में रखी नकदी निकाल ली और मोटरसाइकिल से फरार हो गया। प्रारंभिक सूचना में ?1.35 लाख चोरी होने की बात कही गई थी।जांच के दौरान जब वादी ने अपने हिसाब-किताब के रजिस्टर का मिलान किया तो स्पष्ट हुआ कि वास्तव में दुकान से ?89,000 की चोरी हुई थी। इसके बाद थाना इकौना पुलिस, एसओजी एवं सर्विलांस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से चोरी की रकम में से ?70,000 तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।